आइआइएम रांची में सत्र 2023 के विद्यार्थियों का हुआ स्वागत, सीसीएल के चेयरमैन ने कहा

नजरिया बदलने से तैयार होगी नयी संभावना

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची के इंडक्शन कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी.

आइआइएम रांची में शुक्रवार को सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों का स्वागत हुआ. मुख्य अतिथि सीसीएल के चेयरमैन सह मैनेजिंग डायरेक्टर पीएम प्रसाद ने कहा कि प्रबंधन शिक्षा व्यक्ति को नया दृष्टिकोण देती है. इससे सिर्फ व्यक्ति के नजरिये में बदलाव ही नहीं आता, बल्कि नयी संभावना तैयार करनी की प्रवृत्ति बढ़ती है. प्रबंधन कौशल को सीख व्यक्ति अपने कार्यक्षेत्र में नये बदलाव कर सकेंगे. इसका लाभ अन्य कर्मियों के साथ-साथ संबंधित संस्थान को मिलेगा. उन्होंने विद्यार्थियों को लगातार नये विषयों का अध्ययन कर उसमें संभावनाएं तलाशने के लिए प्रेरित किया. कहा कि देश को रोजगार संभावनाओं की जरूरत है, लेकिन तभी संभव है जब उद्यमिता बढ़ेगी. देश में स्टार्टअप की पहल चल रही है, युवा इस दिशा में काम कर रोजगार को बढ़ावा दे सकेंगे.

निदेशक दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष एमबीए संकाय से 239, एमबीए-एचआर से 68, एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स से 59 और पीएचडी से चार अभ्यर्थी जुड़े हैं. उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान करियर के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी. प्रयोगात्मक और तार्किक स्वभाव अपनाने के सुझाव दिया. संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से जुड़ने के लिए प्रेरित किया. इस मौके पर संदीप गुप्ता, सुमित जोशी, डीइ शॉ, डीन एकेडमिक्स प्रो प्रदीप कुमार बाला, प्रो विजय दीक्षित, अंकुर झा, प्रो सुधांशु शेखर, प्रो अमित सचन, प्रो प्रसेनजीत चक्रवर्ती मौजूद थे.

Prabhat Khabar_24.06.2023_Pg. 10